प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर महिला क्लब द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम

पन्तनगर। 22 जनवरी 2025। गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर के महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान द्वारा खटीमा तहसील के प्रतापपुर गांव में गरीबों को महिला क्लब की ओर से 250 कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर महिला क्लब की सचिव श्रीमती विजया लक्ष्मी सिंह एवं कार्यकारणी समिति की आठ सदस्या भी मौजूद थी। इस अवसर पर किसान आयोग के उपाध्यक्ष श्री राजपाल सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। ग्राम प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा सचिव महोदया का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया एवं प्रतिक चिन्ह भी भेंट किया गया। पंतनगर महिला क्लब द्वारा इस ठंड में की जा रही समाज सेवा काबिले तारीफ है। श्रीमती चौहान ने बताया कि भविष्य में भी गरीब लोगों की मदद के लिए महिला क्लब द्वारा अन्य कई गतिविधियां की जाएंगी।

कंबल वितरित करती महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान।

कार्यक्रम में महिलाओं के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार